# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

**विषय - विज्ञान** H2025SCI08371

**समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे** **कक्षा- 8** **पूर्णांक-60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** – सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1. निम्नलिखित में से खरीफ की फसल है – 1

(A) धान (B) गेहूं

(C) चना (D) मटर

प्र-2 ईंधन के उष्मीय मान को व्यक्त किया जाता है– 1

(A) किलोजूल (B) किलोजूल प्रति किलोग्राम

(C) किलोग्राम (D) इनमें से कोई नहीं

प्र-3 पौधों और जन्तुओं की वह जाति जो किसी विशेष क्षेत्र में विशिष्ट रूप से पायी जाती है, वह है – 1

(A) विशेष क्षेत्रीय जाति (B) संकटापन्न जाति

(C) विशेष क्षेत्री जाति एवं संकटापन्न जाति (D) इनमें से कोई नहीं

प्र-4 आसुत जल होता है – 1

(A) हीनचालक (B) सुचालक

(C) कुचालक (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र-5 समान आवेशों में पाया जाता है – 1

(A) आकर्षण (B) प्रतिकर्षण

(C) घर्षण (D) उपरोक्त में से कोई नही

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6-10 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 जून से सितम्बर माह तक ...................... फसल की बुआई की जाती है। 1

प्र-7 सूर्य का प्रकाश ............................ प्राकृतिक संसाधन है। 1

प्र-8 तेल द्वारा उत्पन्न आग को ............... द्वारा नियंत्रित किया जाता है। 1

प्र-9 नमक युक्त विलयन विद्युत का ............. होता है। 1

प्र-10 पृथ्वी की आंतरिक संरचना .................फल आकृति जैसी होती है। 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11–16 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र–11 खरपतवार से फसल को क्या हानि होती है? 2

प्र–12 कोलतार के दो उपयोग लिखिए। 2

प्र–13 IVF का पूरा नाम लिखिए । 2

प्र–14 यदि व्यक्ति के आहार में पर्याप्त आयोडीन ना हो तो क्या होगा? 2

प्र–15 स्थिर वैद्युत बल किसे कहते हैं? 2

प्र–16 ऊँचे घरों / भवनों में तड़ित चालक क्यों लगाए जाते है? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17–22 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र–17 आदर्श ईंधन के कोई तीन लक्षण लिखिए। 3

प्र–18 रेड डाटा पुस्तक के बारे में लिखिए। 3

प्र–19 कुछ विशेष परिवर्तन के साथ टैडपोल का वयस्क में रूपांतरण का आरेख खींचिए। 3

प्र–20 किशोरावस्था में लड़कों में होने वाले कोई तीन परिवर्तन लिखिए। 3

प्र–21 वायुमंडलीय दाब किसे कहते हैं? 3

प्र–22 विद्युत लेपन किसे कहते हैं? आपके दैनिक जीवन मे उपयोग होने वाले विद्युत लेपित वस्तुओं के कोई दो उदाहरण लिखिए। 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23–26 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70–80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र–23 नाइट्रोजन चक्र को आरेख द्वारा स्पष्ट कीजिए। 5

प्र–24 घर्षण हानिकारक है, परंतु अनिवार्य क्यों है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 5

प्र–25 मानव वाकयंत्र का चित्र बनाईये तथा इसके कार्य को लिखिए। 5

प्र–26 नियमित एवं अनियमित (विसरित) परावर्तन को चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए। 5

-----x-----